## गणेशपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

### 'स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं' विषय पर विशेषज्ञों दी सलाह

वर्धा दि. 28 फरवरी : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम गणेशपुर में आयोजित विशेष शिविर में कस्तुरबा हेल्थ सोसायटी, सेवाग्राम के




अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, आंजी के डॉक्टर एवं विशेषज्ञों ने ग्राम के लोगों का स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं पर मार्गदर्शन किया। डॉ. विनोद येनुरकर ने समझाया कि किस प्रकार स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए संतुलित भोजन करना चाहिए। उन्होंने हिमोग्लोबिन की कमी और उससे बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों पर पर मार्गदर्शन किया। केंद्र की काउंसलर जयश्री




डहाके ने युवा तथा युवतियों में किशोरावस्था में होने वाली समस्याएं और उनके निदान पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती निर्मलाताई ढुमने, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, गणेशपुर के किरण क्लिनिक के खुशालराव येडे, विद्यार्थी सचिन पाहवा ने भी अपनी बातें रखी। आंजी केंद्र के प्रभारी



डॉ. एस. वी. आंबिलकर के निर्देशन में शिविर में डॉ. वैशाली भगत, मनोजकुमार, प्रीति आसटकर ने शिविर में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवा, युवतियों तथा महिलाओं ने स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर सवाल उपस्थित किये जिसका डॉक्टरों की टीम ने समाधान किया। इस अवसर पर गणेशपुर के नागरिकों के साथ शिविर में सहभागी स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**गणेशपूर येथे राष्ट्रीय सेवा योजनेचे विशेष शिबिर**

## 'आरोग्यासंबंधी समस्या' या विषयावर तज्ज्ञांचे मार्गदर्शन

वर्धा दि. 28 फेब्रुवारी : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने गणेशपूर येथे आयोजित विशेष शिबिरात कस्तुरबा हेल्थ सोसायटी, सेवाग्राम अंतर्गत ग्रामीण आरोग्य प्रशिक्षण केंद्र, आंजी येथील डॉक्टरांनी आरोग्यासंबंधी विविध समस्यांवर मार्गदर्शन केले. डॉ. विनोद येनुरकर यांनी हिमोग्लोबिनच्या कमतरतेवर काय उपाय करावे याविषयी मार्गदर्शन केले. आरोग्याची निगा राखण्यासाठी स्वच्छता, संतुलित आहार आणि नियमित व्यायाम करावा असे सांगितले. केंद्राच्या समुपदेशक जयश्री डहाके यांनी किशोरावस्थेतील युवक आणि युवतींमध्ये उदभवणा-या आरोग्यविषयक समस्या आणि त्यावरील उपाय यावर मार्गदर्शन केले. यावेळी ग्राम पंचायतच्या सरपंच श्रीमती निर्मलाताई ढुमने, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, गणेशपूर येथील किरण क्लिनिकचे खुशालराव येडे, विद्यार्थी सचिन पाहवा यांनीही मार्गदर्शन केले. आंजी केंद्राचे प्रभारी डॉ. एस. वी. आंबिलकर यांच्या निर्देशनात डॉ. वैशाली भगत, मनोजकुमार, प्रिती आसटकर यांनी या शिबिरात उपस्थिती दर्शविली. यावेळी युवक, युवती आणि महिलांनी आरोग्यासंबंधी विचारलेल्या प्रश्नांना तज्ज्ञांनी समर्पण उत्तरे दिली. कार्यक्रमात गणेशपूरचे नागरिक आणि शिबिरातील स्वयंसेवक यांची मोठी उपस्थिती होती.